ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा – 846004

(परीक्षा विभाग)

अधिसूचना

स्नातक पंचम् सेमेस्टर (सत्र : 2024-28) परीक्षा–2026

एतद् द्वारा सभी संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वैसे परीक्षार्थी जो **स्नातक प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के सभी कोर्स में उत्तीर्ण हो तथा स्नातक प्रथम से चतुर्थ सेमेस्टर में सभी कोर्स के कुल क्रेडिट 80 में से 68 क्रेडिट प्राप्त किया हो, साथ ही पंचम् सेमेस्टर की सभी कोर्स की आंतरिक परीक्षा में उत्तीर्ण हो उन्हें सी.बी.सी.एस. कोर्स स्नातक पंचम् सेमेस्टर (सत्र : 2024-28) परीक्षा–2026** हेतु परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.lnmu.ac.in** पर ऑनलाईन के माध्यम से निम्न कार्यक्रम के अनुसार स्वीकार किये जायेंगे :–

1. सामान्य शुल्क के साथ	–	**26.11.2026 से 07.12.2026 तक**
2. सामान्य बिलम्ब शुल्क के साथ (30/-रू0)	–	**08.12.2026 से 12.12.2026 तक**
3. परीक्षा प्रपत्र में सुधार करने की तिथि	–	**13.12.2026**
4. परीक्षा की प्रस्तावित तिथि	–	**15.12.2026**

सभी छात्र/छात्राएँ On Line के माध्यम से भरे हुए परीक्षा प्रपत्र की प्रिन्टेड प्रतिलिपि निकाल कर अपने–अपने महाविद्यालय में परीक्षा प्रपत्र भरने के अगले दिन निश्चित रूप से जमा कर देगें।

प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि छात्र/छात्राओं द्वारा जमा किये गये परीक्षा प्रपत्र की प्रिन्टेड प्रतिलिपि सहित एक समेकित सूची बना कर अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि के दो दिनों के बाद अवश्य ही उपलब्ध करा देगें।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से,

ह0/–

परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : XC/19640-19759/26 **दिनांक : 23.11.2026**

प्रतिलिपि प्रेषित :–

1. **सभी प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या**, (अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय), ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वरनगर, दरभंगा।
2. **कुलपति के निजी सचिव/प्रति–कुलपति के निजी सहायक/कुलसचिव के निजी सहायक/वित्तीय परामर्शी/वित्त पदाधिकारी/अध्यक्ष, छात्र–कल्याण/कुलानुशासक/विकास पदाधिकारी/उप–परीक्षा नियंत्रक (शोध)/उप–परीक्षा नियंत्रक (व्यावसायिक एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा)**, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वरनगर, दरभंगा।
3. **कार्यालय अधीक्षक (परीक्षा)/प्रशाखा पदाधिकारी (परीक्षा लेखा)**, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
4. **प्रभारी, पंजीयन शाखा/शुल्क संग्रह पटल/मुद्रण सामग्री भंडार/बज्रगृह/पूछताछ पटल/प्रमाण–पत्र शाखा, सभी सहायक प्रवेश–पत्र शाखा एवं संबंधित सहायक, गोपनीय शाखा**, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वरनगर, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।
5. **गोपनीय मुद्रक** को सूचनार्थ।
6. **विकास पदाधिकारी/आई0टी0सेल0**, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा से अनुरोध है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाईड पर अपलोड करने की कृपा करें।

23.11.26

परीक्षा नियंत्रक

23.11.2026